# न्यायालय कलेक्टर सागर,जिला सागर

रा.प्र.क्रमांक– 0049 अ/19(3) वर्ष 2021–22
मौजा– मढखेरा जागीर प.ह.नं. 59/130
तहसील जैसीनगर जिला सागर (म.प्र.)

संभागीय प्रबंधक,
मध्यप्रदेश रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड
कार्यालय संभागीय प्रबंधक तहसील परिसर सागर
जिला सागर (म.प्र.) ........................................ आवेदक

विरूद्ध

म.प्र.शासन ................................. अनावेदक

## !! आदेश !!

(पारित दिनांक 9 / 7 /2021)

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि तहसीलदार जैसीनगर का प्रकरण क्रमांक–0014/ब–121 वर्ष 2021–22 मौजा मढखेरा जागीर अनुविभागीय अधिकारी सागर जिला सागर, नजूल अधिकारी सागर के माध्यम से प्राप्त हुआ। जिसमें संभागीय प्रबंधक, एम.पी.आर.डी.सी.ए. द्वारा ए.डी.बी.–6 सागर–रहली मार्ग (ल.37.415) राज्य मार्ग क्रमांक–21 को दो लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें रकवा 6.08 हे. वन भूमि व्यपवर्तित हो रहीं है। क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु रकवा 6.08 गैर वन भूमि की आवश्कता है। उक्त व्यपवर्तित वन भूमि के बदले ग्राम मडखेरा जागीर रा.नि.मं. बिलहरा तहसील जैसीनगर जिला सागर स्थित भूमि खसरा नंबर 1341 रकवा 12.84 हे. में से 6.08 हे. वन विभाग को हस्तांतरण करने का अनुरोध किया गया है। जिसे जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी सागर को भेजा गया।

अनुविभागीय अधिकारी सागर द्वारा प्रकरण तहसीलदार जैसीनगर को प्रतिवेदन हेतु भेजा गया। तहसील जैसीनगर द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर राजस्व निरीक्षक बिलहरा से जांच प्रतिवेदन लिया गया। राजस्व निरीक्षक के प्रतिवेदन अनुसार वन मंडल अधिकारी दक्षिण सागर (सा.) वन मंडल सागर जिला सागर द्वारा संभागीय प्रबंधक, एम.पी.आर.डी.सी.ए. द्वारा ए.डी.बी.–6 सागर रहली मार्ग (ल.37.415) राज्य मार्ग क्रमांक–21 को दो लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें रकवा 6.08 हे. वन भूमि व्यपवर्तित हो रहीं है। क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु रकवा 6.08 गैर वन भूमि की आवश्कता है। उक्त व्यपवर्तित वन भूमि के बदले ग्राम मडखेरा जागीर रा.निं.मं. बिलहरा तहसील जैसीनगर जिला सागर स्थित भूमि खसरा नंबर 1341 रकवा 12.84 हे. में से 6.08 हे. वन विभाग को हस्तांतरण करने का अनुरोध किया गया है। जिसके संबंध में पटवारी हल्का क्रमांक–59/130 तहसील जैसीनगर के ग्राम मढखेरा जागीर में ग्राम का कुल भौगोलिक रकवा 1370.24 हे. मकबूजा रकवा 750.52 हे., गैर मकबूजा रकवा 619.72 हे. एवं चरोखर का रकवा 456.60 हे. है, 2 प्रतिशत के मान से चरोखर का रकवा 15 हे. बनता है, 2 प्रतिशत के मान से 132 हे. रकवा के वेशी है। पूर्व में वन विभाग को 196.36 हे. आवंटित एवं 101.88 हे. आबंटन हेतु प्रस्तावित की जा चुकी है। खसरा नंबर 1341 रकवा 12.84 हे. में से रकवा 6.08 हे. आबंटन उपरांत 6.76 हे. रकवा शेष है। जो वन सीमा के क्षेत्र में आता है। स्थल पर कोई स्थायी निर्माण एवं झाड पेड़ नहीं है। उक्त शेष रकवा में से चाहा गया रकवा आबंटित किया जाता है तो ग्रामवासियों के निस्तार में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होगी। प्रस्तावित भूमि में कोई स्थाई निर्माण नहीं है बंटन हेतु प्रस्तावित भूमि रिक्त है। हल्का पटवारी मडखेरा जागीर एवं रा.नि.मं. के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए प्रकरण अग्रिम कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी सागर को प्रेषित किया गया।

P.T

कलेक्टर
सागर

अनुविभागीय अधिकारी सागर द्वारा तहसीलदार जैसीनगर के प्रतिवेदन एवं प्रकरण के संलग्न दस्तावेजों से सहमत होते हुये भूमि आवंटन की अनुशंसा सहित प्रकरण नजूल निर्वतन समिति को प्रेषित किया गया।

नजूल अधिकारी सागर द्वारा प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया कि जिला स्तरीय नजूल निर्वतन समिति की बैठक दिनांक 30.06.2021 में सर्व सम्मति से अनुविभागीय अधिकारी सागर/तहसीलदार जैसीनगर से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार ग्राम मढखेरा जागीर प.ह.नं. 59/130 रा.नि.मं. बिलहरा तहसील जैसीनगर जिला सागर स्थित भूमि खसरा नंबर 1341 रकवा 12.84 हे. में से 6.08 हे. भूमि म.प्र.नजूल निर्वर्तन नियम 2020 लागू दिनांक 24.09.2020 कंडिका 17 के अनुसार राज्य शासन के किसी विभाग को हस्तांतरित की गई नजूल भूमि के संबंध में कोई कर निर्धारण नहीं होगा, के अनुसार वन मंडल अधिकारी दक्षिण सागर (सा.) वन मंडल सागर को निःशुल्क भूमि आवंटित किये जाने हेतु प्रकरण प्रेषित किया गया।

अतः तहसीलदार जैसीनगर/अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सागर एवं नजूल अधिकारी सागर के प्रस्ताव पर ग्राम मडखेरा जागीर प.ह.नं. 59/130 तहसील जैसीनगर जिला सागर की निम्नानुसार भूमि :-

| स.क. | ग्राम का नाम | पटवारी हल्का नं. | ख0नं0 | कुल रकवा (हे.में) | आवंटित रकवा (हे.में) | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मढखेरा जागीर | 130 | 1341 | 12.84 | 0.77 | शासकीय चारागाह |

म.प्र.भू-राजस्व संहिता 1959 (यथा संशोधित अधिनियम 2018) की धारा 237(3) के तहत मद परिवर्तन करते हुए (ए.डी.बी.-6 सागर-रहली मार्ग (ल.37.415) राज्य मार्ग कमांक-21 को दो लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग का निर्माण में 6.08 हे. वन भूमि के बदले क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु) म.प्र. नजूल निर्वर्तन नियम 2020 लागू दि. 24.09.2020 कंडिका 17 के अनुसार निःशुल्क म.प्र.शासन वन विभाग को आबंटित की जाती है।

उक्त भूमि के आबंटन से ग्राम का आम निस्तार का रकवा अप्रभावित रहेगा। आबंटित भूमि का नियत प्रयोजन में उपयोग न होने पर पूर्ण अथवा आंशिक भूमि वापिस ली जा सकेगी।

(दीपक सिंह)
कलेक्टर
जिला-सागर

पृ0क0/ 6257 /री0कले0/2021 सागर दिनांक 7 /7 /2021

प्रतिलिपिः-

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध) सतपुडा भवन म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन भू-प्रबंध) सतपुडा भवन म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. मुख्य अभियंता (एडीबी-6), एमपीआरडीसी भोपाल को सूचनार्थ।
4. पर्यावरण सुरक्षा विशेषज्ञ, एमपीआरडीसी भोपाल को सूचनार्थ।
5. वन मंडल अधिकारी, सामान्य वन मंडल उत्तर/दक्षिण सागर को सूचनार्थ।
6. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सागर जिला सागर को मूल प्रकरण सहित पटवारी अभिलेख दुरूस्ती कराये जाने हेतु प्रेषित संबंधित विभाग को भूमि का अधिपत्य दिलाये जाने का पंचनामा एवं संशोधित अभिलेख की प्रमाणित प्रतिलिपि सहित प्रकरण इस न्यायालय को भेजें।
7. संभगीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश रोड डेवहलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड कार्यालय संभागीय प्रबंधक तहसील परिसर सागर को सूचनार्थ।
8. तहसीलदार जैसीनगर जिला सागर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. वन परिक्षेत्र अधिकारी, ढाना/सागर को सूचनार्थ।

कलेक्टर
जिला-सागर

P.T.O

# न्यायालय कलेक्टर सागर, जिला सागर (म.प्र.)

रा.प्र.क्रमांक– 0049 अ/19(3) वर्ष 2020–21
मौजा– मढखेरा जागीर प.ह.नं. 59/130
तहसील जैसीनगर जिला सागर (म.प्र.)

संभागीय प्रबंधक,
मध्यप्रदेश रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड
कार्यालय संभागीय प्रबंधक तहसील परिसर सागर
जिला सागर (म.प्र.) .................................. आवेदक

विरूद्ध

म.प्र.शासन ............................ अनावेदक

:: संशोधित आदेश ::

(पारित दिनांक19/7/2021)

इस न्यायालय के प्रकरण कमांक–0049/अ–19(3)/2021–22 मौजा मढखेरा जागीर तहसील जैसीनगर जिला सागर पक्षकार संभागीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड कार्यालय संभागीय प्रबंधक तहसील परिसर सागर जिला सागर (म.प्र.) विरूद्ध म.प्र.शासन में पारित आदेश दिनांक 09.07.2021 के पैरा 05 की सारणी में मौजा मढखेरा जागीर प.ह.नं. 130 तहसील जैसीनगर जिला सागर की भूमि खसरा नंबर 1341 रकवा 12.84 हे. में से 6.08 हे. के स्थान पर रकवा 0.77 हे. लिपिकीय त्रुटि से अंकित हो गया है। जिसे 6.08 हे. पढा जावे। शेष आदेश यथावत रहेगा। आदेश की प्रति संबंधितों को भेजी जावे।

आदेथ पारित एवं उदघोषित।

(दीपक सिंह)
कलेक्टर
जिला–सागर

पृ0क्र0/ 7229/री0कले0/2021 सागर दिनांक 19 /7/2021

प्रतिलिपिः–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) सतपुडा भवन म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन भू–प्रबंध) सतपुडा भवन म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. मुख्य अभियंता (एडीबी–6), एमपीआरडीसी भोपाल को सूचनार्थ।
4. पर्यावरण सुरक्षा विशेषज्ञ, एमपीआरडीसी भोपाल को सूचनार्थ।
5. वन मंडल अधिकारी, सामान्य वन मंडल उत्तर/दक्षिण सागर को सूचनार्थ।
6. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सागर जिला सागर को मूल प्रकरण सहित पटवारी अभिलेख दुरूस्ती कराये जाने हेतु प्रेषित संबंधित विभाग को भूमि का अधिपत्य दिलाये जाने का पंचनामा एवं संशोधित अभिलेख की प्रमाणित प्रतिलिपि सहित प्रकरण इस न्यायालय को भेजें।
7. संभगीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश रोड डेवहलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड कार्यालय संभागीय प्रबंधक तहसील परिसर सागर को सूचनार्थ।
8. तहसीलदार जैसीनगर जिला सागर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. वन परिक्षेत्र अधिकारी, ढाना/सागर को सूचनार्थ।

कलेक्टर
जिला–सागर

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सागर

मध्यप्रदेश कम्प्यूटरीकृत भू-अभिलेख

# खसरा

प्ररूप एक (नियम 6 देखिए)

मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-सर्वेक्षण तथा भू-अभिलेख) नियम, 2020

| ग्राम: मड़खेरा जागीर | | | पटवारी हल्का: मढ़खेराजागीर | | | तहसील: जैसीनगर | | | जिला: सागर | | वर्ष: 2021-2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भूमि के भाग की यूनिक आईडी | भूमि के भाग का प्रकार (सर्वेक्षण संख्यांक/ ब्लॉक संख्यांक) | भू-खण्ड संख्यांक(ब्लॉक की दशा में) | 1. क्षेत्रफल (हेक्टेयर/वर्ग मीटर में)<br>2. भूमि उपयोग जिसके लिए निर्धारण किया गया है<br>3. भू-राजस्व/भू-भाटक (रु. में) | 1. भूमिस्वामी का नाम, उसकी माता/पिता/पति का नाम तथा निवास का पता<br>2. शासकीय भूमि | प्रत्येक भूमिस्वामी का अंश | 1. सरकारी पट्टेदार का नाम, उसकी माता/ पिता/पति का नाम तथा निवास का पता<br>2. पट्टे की अवधि<br>3. पट्टे के अधीन क्षेत्र | मौरुषी कृषक (यदि कोई हो) का नाम, उसकी माता/ पिता/पति का नाम तथा निवास का पता | भूमि पर विल्लंगम तथा प्रभार<br>1. बंधक<br>2. दृष्टिबंधक<br>3. भू-अर्जन प्रक्रियाधीन | फसल के ब्यौरे | | 1. भूमि के सिंचाई संबंधी प्रास्थिति<br>2. भूमि पर संरचना /वृक्ष<br>3. अन्य अभियुक्तियाँ<br>4. वर्ष के दौरान कॉलम संख्या (1) से (9) तक में प्रविष्टियों में सुधार के आदेश |
| | | | | | | | | | फसल<br>1. खरीफ<br>2. रबी<br>3. जायद<br>4. अन्य | फसल के अधीन क्षेत्रफल | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1470589356 | 1341 (S) | | 12.8400 हेक्टेयर<br>चरागाह 12.84 | (शासकीय) | | | | | | | चराई हेतु |


नोट :-

1. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिये है |
2. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नही किया जा सकता है |
3. डिजिटली साइंड कॉपी के लिए आई. टी. सेंटर से, लोक सेवा केंद्र से, एम. पी. ऑनलाइन से अथवा ऑनलाइन आवेदन करें |
4. प्रविष्टियों में सुधार/संशोधन हेतु संबंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें |

specimen copy

## मध्यप्रदेश कम्प्यूटरीकृत भू-अभिलेख

| नक़्शा की प्रतिलिपि | |
|---|---|
| वर्ष: 2021-22 | दिनांक: 16-08-2021 15:48:32 |



specimen copy
pending for Digital Signature

| ब्लॉक सं. | ग्राम | हल्का | तहसील | जिला |
|---|---|---|---|---|
| | मडखेरा जागीर | मढखेराजागीर | जैसीनगर | सागर |

| सर्वेक्षण सं. | क्षेत्रफल | भू-राजस्व |
|---|---|---|
| 1341(S) | 12.8400(हेक्ट.) | 0.0C |

**भूस्वामी :** (शासकीय)

मापांक 1:4000

0 50 100 150 200m

(हस्ताक्षर)

नोट :-
1. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिये है |
2. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नही किया जा सकता है |
3. डिजिटली साइंड कॉपी के लिए आई. टी. सेंटर से अथवा ऑनलाइन आवेदन करें |